# साहित्य अकादमी का वृत्तचित्र उत्सव आज

नई दिल्ली | **प्रमुख संवाददाता**

राजधानी की साहित्य अकादमी देश के नामी साहित्यकारों पर बनी डॉक्यूमेंट्री रविवार से अपने फेसबुक पर लाइव करने जा रही है।

अकादमी 2 अगस्त से 8 अगस्त के बीच महत्त्वपूर्ण भारतीय साहित्यकारों पर निर्मित वृत्तचित्रों के फेसबुक पर प्रसारण का एक समारोह दर्पण शीर्षक से आयोजित कर रही है। अकादमी के फेसबुक पेज पर ये फ़िल्में प्रत्येक दिन शाम 6 बजे प्रसारित की जाएंगी।

इस श्रृंखला में चुने गए साहित्यकार गिरीश कर्नाड (कन्नड़), रेवाप्रसाद द्विवेदी (संस्कृत), सी.नारायण रेड्डी (तेलुगु), लक्ष्मी नंदन बोरा (असमिया), नैयर मसूद (उर्दू), पोन्नी लन (तमिल) और भीष्म साहनी (हिंदी) हैं। प्रत्येक फिल्म की अवधि 27 मिनट की है। यह जानकारी देते हुए साहित्य अकादमी के सचिव के. श्रीनिवासराव ने बताया कि कोविड-19 से उपजी स्थिति के बीच भी साहित्य अकादमी साहित्यप्रेमियों के लिए निरंतर ऑनलाइन कार्यक्रम आयोजित कर रही है।